बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक– वि०प्रा०(VI)बि०कौ०वि०मि०–03/17 /पटना, दिनांकः

प्रेषक,

निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. निदेशक,
सेन्ट्रल इस्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (CIPET)
हाजीपुर e-mail: hajipur@cipet.gov.in.cpetpatna@gmail.com
2. सलाहकार,
टूल रूम एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर, (TRTC)
पटना–13 e-mail: trtcpatna14@gmail.com

विषयः– **राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को CNC Machining Techiques पर आधारित (15 दिवसीय) प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में।**

प्रसंग– CIPET पत्रांक 2957 दिनांक 16.01.2021 एवं TRTC से प्राप्त ई–मेल दिनांक–28.01.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों के यांत्रिक अभियंत्रण/ऑटोमोबाइल अभियंत्रण में अध्ययनरत अंतिम वर्ष के छात्रों को CNC Machining Techniques using CAD/CAM/CAE विषय में दो सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण दिये जाने से संबंधित आपके द्वारा विभाग को उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की जाती है। उक्त प्रशिक्षण पर होने वाले व्यय का भुगतान बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, पटना द्वारा किया जायेगा

अतः अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक 1179 दिनांक 04.04.2019 के आलोक में संस्थान हेतु चिन्हित पोलिटेकनिक संस्थानों से समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम अतिशीघ्र आरंभ करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
ह०/–
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

19/02/24
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
बक्सर

ज्ञापांक– वि०प्रा०(VI)बि०कौ०वि०मि०–03/17 468 **/पटना, दिनांकः** 09/02/21

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन को शासी पर्षद की 12 वीं बैठक की कार्यवाही, ज्ञापांक–146 दिनांक–13.02.2019 के क्रम में आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

2. प्राचार्य, / प्रभारी–प्राचार्य, सभी राजकीय पोलिटेकनिक एवं राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों को संस्थानान्तर्गत यांत्रिक अभियंत्रण/ऑटोमोबाइल अभियंत्रण के अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम से आच्छादित कराने हेतु प्रेषित।

08.02.21

निदेशक

ज्ञापांक - 397 /बक्सर, दिनांक - 20.02.2021

प्रतिलिपि :-

1. सँस्थान के सभी व्याख्याताओ / कर्मियों एवं छात्र / छात्राओ को सूचनार्थ प्रेषित।

19/02/21

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
बक्सर